# बरसात में गिर गई आंगनवाड़ी की बाउंड्रीवाल

## मोहगांव सड़क में वर्षों से खंडहर बने आंगनवाड़ी भवन की ओर प्रशासन का ध्यान नहीं, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

**जर्जर भवन बना मासूम बच्चों की जान के लिए खतरा**

**कुरई नवभारत। जिले की ग्राम पंचायत मोहगांव सड़क, तहसील कुरई स्थित आंगनवाड़ी भवन आज एक गंभीर हादसे को न्योता देता दिखाई दे रहा है। हाल ही में लगातार हो रही बारिश के कारण भवन की बाउंड्रीवाल भरभराकर गिर गई, जिससे आसपास रहने वाले ग्रामीणों और अभिभावकों में दहशत का माहौल है। सौभाग्य से जिस समय दीवार गिरी, उस समय वहां कोई बच्चा मौजूद नहीं था, अन्यथा एक बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था।**





स्थानीय लोगों का कहना है कि यह भवन पिछले कई वर्षों से अत्यंत जर्जर अवस्था में है। भवन की छत (लेंटर) कई स्थानों से टूट चुकी है और लगातार उसके टुकड़े नीचे गिर रहे हैं। दीवारों में गहरी दरारें हैं तथा भवन की संरचना पूरी तरह कमजोर हो चुकी है। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा आज तक इसे न तो असुरक्षित घोषित किया गया और न ही इसे ध्वस्त करने की कोई प्रभावी कार्रवाई की गई।

तस्वीरों में स्पष्ट दिखाई देता है कि भवन की बाउंड्रीवाल पूरी तरह धराशायी हो चुकी है। अंदर की छत से बड़ा हिस्सा गिर चुका है तथा मलबा पूरे कमरे में फैला हुआ है। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि भवन किसी भी समय पूरी तरह ढह सकता है।

ग्रामीणों के अनुसार आंगनवाड़ी भवन भले ही उपयोग में नहीं है, लेकिन आसपास के छोटे बच्चे प्रतिदिन वहां खेलते रहते हैं। भवन के खुले परिसर और गिरी हुई बाउंड्रीवाल के कारण बच्चों का अंदर जाना बेहद आसान हो गया है। ऐसे में यदि छत या दीवार का कोई हिस्सा अचानक गिर जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में मौखिक जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि भवन का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराया जाए। अत्यंत जर्जर भवन को तत्काल असुरक्षित घोषित किया जाए। भवन को शीघ्र ध्वस्त किया जाए। पूरे परिसर की सुरक्षा हेतु घेराबंदी की जाए ताकि कोई बच्चा अंदर प्रवेश न कर सके। भविष्य में यहां नया एवं सुरक्षित आंगनवाड़ी भवन निर्मित कराया जाए।

जब तस्वीरों में भवन की बदहाल स्थिति साफ दिखाई दे रही है, बाउंड्रीवाल गिर चुकी है और छत के हिस्से लगातार टूटकर गिर रहे हैं, तब भी संबंधित विभाग और जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है?

### परियोजना अधिकारी और जिला प्रशासन पर लापरवाही के आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना अधिकारी कुरई तथा जिला प्रशासन को भवन की जर्जर स्थिति की जानकारी होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा हो। यदि समय रहते इस भवन को ध्वस्त कर सुरक्षित परिसर नहीं बनाया गया तो भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना की पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी।

# डॉक्टर विहीन पिपरवानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली

**दर्जनों गांवों की स्वास्थ्य व्यवस्था नर्सों के भरोसे, एमबीबीएस डॉक्टर का पद तीन माह से रिक्त**




**सिवनी नवभारत।** आदिवासी बहुल विकासखंड कुरई के अंतिम छोर पर स्थित पिपरबानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों गंभीर अव्यवस्थाओं का सामना कर रहा है। लगभग 30 से 40 गांवों के लोगों के लिए यह स्वास्थ्य केंद्र प्रमुख उपचार केंद्र है, लेकिन यहां एमबीबीएस डॉक्टर का पद लंबे समय से रिक्त होने और पर्याप्त स्टाफ के अभाव में मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि पिपरबानी क्षेत्र से जिला मुख्यालय सिवनी के लिए कोई सीधी बस सेवा उपलब्ध नहीं है। कुरई से करीब 25 किलोमीटर दूर स्थित इस आदिवासी अंचल में लगभग 20- 25 वर्षों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है, लेकिन वर्तमान में यहां डॉक्टर नहीं होने से मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में यदि कोई सड़क दुर्घटना हो जाए या किसी व्यक्ति को गंभीर चोट लग जाए तो अस्पताल में टांके लगाने तक की सुविधा उपलब्ध नहीं है। घाव की ड्रेसिंग और प्राथमिक उपचार के लिए भी मरीजों को लगभग 50 किलोमीटर दूर अन्य अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। समय पर उपचार नहीं मिलने से कई बार मरीजों की हालत गंभीर हो जाती है और जान तक जोखिम में पड़ जाती है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्तमान में स्वास्थ्य केंद्र केवल नर्सिंग स्टाफ के भरोसे संचालित हो रहा है। उनका कहना है कि दूरस्थ आदिवासी क्षेत्र होने के कारण यहां पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है, ताकि आपात स्थिति में मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि पिपरबानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जल्द से जल्द एमबीबीएस डॉक्टर की पदस्थापना की जाए तथा आवश्यक स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति कर प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### खंड चिकित्सा अधिकारी ने कही यह बात

इस संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक रैकवार ने बताया कि पिपरबानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर का पद पिछले तीन माह से रिक्त है। यहां पदस्थ डॉ. असित मासुलकर पीजी अध्ययन के लिए चले गए हैं। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों की कमी की जानकारी भोपाल स्तर पर पत्राचार के माध्यम से भेजी जा चुकी है। नियुक्ति कब होगी, यह शासन स्तर पर निर्णय होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि पिपरबानी के साथ खवासा स्वास्थ्य केंद्र में भी डॉक्टरों की कमी बनी हुई है।

## एक नजर में

### 31 जुलाई को अनुकंपा नियुक्ति शिविर आयोजित होगा

**सिवनी।** कलेक्टर नेहा मीना के मार्गदर्शन में जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय सहित जिले के विभिन्न विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 31 जुलाई 2026 (शुक्रवार) को प्रातः 11:00 बजे शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भैरोगंज, सिवनी (प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस) में अनुकंपा नियुक्ति शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में जिले के विभिन्न विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। ऐसे सभी पात्र अभ्यर्थी, जिनके अनुकंपा नियुक्ति संबंधी प्रकरण लंबित हैं, निर्धारित तिथि एवं समय पर शिविर में उपस्थित होकर अपने आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं, ताकि उनके प्रकरणों का शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन ने जिले के सभी संबंधित एवं पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर आयोजित अनुकंपा नियुक्ति शिविर में आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर अपने लंबित प्रकरणों के निराकरण का लाभ प्राप्त करें।

### 31 जुलाई तक कराएं फसल बीमा, फसल को मिलेगा लाभ

**सिवनी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ मौसम 2026 के लिए अधिसूचित फसलों का बीमा 1 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है। किसानों के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। कृषि विभाग ने जिले के सभी ऋणी एवं गैर-ऋणी किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा अवश्य कराएं, ताकि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल क्षति की स्थिति में योजना का लाभ प्राप्त किया जा सके। योजना के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं जैसे अतिवृष्टि, अल्पवृष्टि, ओलावृष्टि, कीट एवं रोगों के कारण फसल को होने वाले नुकसान पर किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाती है।

## 4 अगस्त को किशोर कुमार की 97वीं जयंती पर सजेगी सुमधुर गीतों की महफिल

सिवनी नवभारत। मध्य प्रदेश की माटी में जन्मे देश के महान पार्श्व गायक व अभिनेता किशोर कुमार गांगुली की 97वीं जन्म जयंती पर लूघरवाड़ा ग्रेट किशोर दा जयंती उत्सव का आयोजन रखा गया है। यह संगीतमय कार्यक्रम 4 अगस्त को शाम 7 बजे से एमएम अग्रोहा लान लूघरवाड़ा जबलपुर रोड में आयोजित होगा। कार्यक्रम के संयोजक व एंकर गोविंद अग्रवाल ने बताया कि इस निःशुल्क आयोजन में स्थानीय व बाहर से आए कलाकारों द्वारा किशोर दा के सदाबहार एकल, युगल गीतों की लाइव इंस्ट्रूमेंटल प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सिवनी विधायक श्री दिनेश राय (मुनमुन), मुख्य अतिथि श्री अतुल चंद मालू और कार्यक्रम अध्यक्ष श्री नंदलाल गहलोत उपस्थित रहेंगे। मंच पर कृति बराले, पराग कटरे, निवेदिता नाग और स्वयं संयोजक गोविंद अग्रवाल अपनी सुमधुर आवाज का जादू बिखेरेंगे। आयोजन के विशेष आकर्षण के तौर पर नागपुर से आए डांस ग्रुप की शानदार प्रस्तुति व मिमिक्री आर्टिस्ट भी शामिल होंगे।

# घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी



**छपारा नवभारत।** विकासखंड छपारा के ग्राम दानीमेटा से एक दुखद घटना सामने आई है। यहां 34 वर्षीय युवक का शव उसके ही घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और गांव में शोक का माहौल बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार 26 जुलाई की सुबह परिवार के सभी सदस्य कृषि कार्य के लिए खेत चले गए थे। जब बाद में घर लौटे तो युवक का शव कमरे के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना तत्काल छपारा पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा की मर्चुरी भिजवाया। सोमवार 27 जुलाई की सुबह आवश्यक कानूनी प्रक्रिया एवं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस के अनुसार फिलहाल मृत्यु के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मृतक अपने पीछे चार बच्चों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है। इस दुखद घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे ग्राम दानीमेटा में शोक की लहर व्याप्त है।

## मासिक अपराध समीक्षा बैठक में अपराध नियंत्रण पर पुलिस अधीक्षक का फोकस

# रात्रि गश्त बढ़ाने और अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश



**सिवनी नवभारत।** जिला पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने जिलेभर के लंबित अपराधों, चालान, मर्ग, शिकायतों एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, सभी एसडीओपी, थाना एवं चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक, कंट्रोल रूम प्रभारी तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के शाखा प्रमुख मौजूद रहे।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों और एसडीओपी को निर्देश दिए कि लंबित अपराध, चालान, मर्ग एवं शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा और जांच कार्य में तेजी लाई जाए।

जिले में हत्या, हत्या के प्रयास, गृहभेदन और चोरी जैसे गंभीर अपराधों में बढ़ोतरी पर चिंता व्यक्त करते हुए अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए गए। संपत्ति संबंधी अपराधों की पतारसी तेज करने, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया गया।

बैठक में सभी थाना प्रभारियों को स्वयं नियमित रात्रि गश्त करने तथा एसडीओपी को इसकी सतत निगरानी करने के निर्देश दिए गए, ताकि चोरी एवं अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने लघु अधिनियम के तहत अधिक कार्रवाई करने, जिला बदर के प्रकरण तैयार कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही आदतन अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण के प्रस्ताव तैयार करने को भी कहा गया।

बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से जुड़े प्रकरणों में पीड़ितों के राहत प्रकरण शीघ्र तैयार कर भुगतान सुनिश्चित करने, लंबित समंस एवं वारंटों की तामीली बढ़ाने तथा सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का संतोषजनक निराकरण कर हितग्राहियों से फीडबैक लेने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन को सुरक्षित वातावरण और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, प्रभावी पुलिसिंग और जनसंतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

## अमर शहीदों को किया नमन, तिरंगे की शान में गूंजा शासकीय महाविद्यालय



**घंसौर नवभारत।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय घंसौर में 26 जुलाई रविवार को कारगिल विजय दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों ने 1999 के कारगिल युद्ध के अमर नायकों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सैनिकों के त्याग, मातृभूमि के प्रति समर्पण और विजय गाथा का सजीव मंचन देखकर उपस्थित सभी दर्शकों की आंखें नम हो गई तथा पूरा वातावरण भारत माता की जय और वन्दे मातरम् के जयघोष से गूंज उठा।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ड्राइंग शीट पर कारगिल युद्ध के दृश्यों, भारतीय सेना के अदम्य साहस और भारत माता के प्रति प्रेम को अपनी तूलिका से उकेरा।

कारगिल विजय भारतीय सेना का शौर्य विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में छात्रों ने कारगिल युद्ध के इतिहास और देशप्रेम पर अपने विचार सुंदर शब्दों में व्यक्त किए। कार्यक्रम में छात्रों ने ओजस्वी भाषण दिए। वहीं एक डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक अंकित कुमार मर्सकोले द्वारा 1999 के कारगिल युद्ध के महत्वपूर्ण घटनाक्रमों और ऑपरेशन विजय की सफलता की गाथा को छात्रों को बताया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रीति सिरसाम ने की एवं इस अवसर पर कॉलेज के समस्त प्राध्यापक गण, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

निबंध प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय में प्रथम पुरुस्कार शालिनी पटेल, द्वितीय राजेंद्र मरप्पा एवं तृतीय सुनैना रजक व कार्तिक गुमास्ता रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय स्थान पर कैलाश नागवंशी, आकांक्षा रजक, तृतीय स्थान पर दीपिका सैयाम व संजना रैदास संयुक्त रूप से रहे पुरस्कार का वितरण 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को किया जाएगा।

# जल जीवन मिशन की पाइपलाइन से हिर्री-संगम पुल की सड़क पर मंडराया खतरा

**पाइपलाइन के पास हुआ कटाव, समय रहते कांक्रीट सुरक्षा कार्य नहीं हुआ तो तेज बारिश में कट सकती है पक्की सड़क**

**उगली नवभारत।** जनपद पंचायत केवलारी की उपतहसील उगली अंतर्गत ग्राम सरेखा-खुरसुरा के बीच स्थित हिर्री-संगम पुल के समीप जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत नदी किनारे से डाली गई पाइपलाइन के कारण सड़क की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुल के पास नदी किनारे कटाव की स्थिति दिखाई दे रही है। वर्तमान में नदी में जलस्तर बहुत अधिक नहीं है, लेकिन यदि आगामी दिनों में लगातार तेज बारिश होती है और नदी में बाढ़ की स्थिति बनती है, तो यह कटाव सड़क के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। मौके पर नदी और पक्की सड़क के बीच की मिट्टी कई स्थानों पर कटाव की चपेट में दिखाई दे रही है। नदी किनारे से डाली गई जल जीवन मिशन की पाइपलाइन के आसपास भी पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से तेज बारिश के दौरान मिट्टी के बहने की आशंका बनी हुई है। यदि नदी का जलस्तर बढ़ता है और पानी का बहाव तेज होता है, तो कटाव का दायरा बढ़कर पक्की सड़क की नींव तक पहुंच सकता है। लोगों का कहना है कि अभी स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन समय रहते सुरक्षा कार्य नहीं कराया गया तो आने वाली तेज बारिश में समस्या गंभीर हो सकती है। हिर्री-संगम पुल के समीप सड़क के किनारे मजबूत कांक्रीट अथवा पिचिंग कार्य कराया जाना जरूरी है। इसके अलावा पाइपलाइन के आसपास भी ऐसा सुरक्षा कार्य किया जाना चाहिए, जिससे बारिश और नदी के तेज बहाव के कारण मिट्टी का कटाव न हो।



### तत्काल निरीक्षण कर लिया जाए संज्ञान

लोगों का कहना है कि बाढ़ आने का इंतजार करने के बजाय पहले से ही एहतियाती कदम उठाए जाने चाहिए। यदि कटाव बढ़ने के बाद सड़क की मरम्मत की जाती है, तो तब तक आवागमन प्रभावित हो सकता है। उगली- लालबर्रा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए यह मार्ग महत्वपूर्ण है। सड़क के कटने की स्थिति में ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि हिर्री-संगम पुल के पास तत्काल स्थल निरीक्षण कराया जाए और कटाव वाले हिस्से में मजबूत कांक्रीट सुरक्षा कार्य कराया जाए। साथ ही जल जीवन मिशन की पाइपलाइन की भी जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि आगामी बारिश और संभावित बाढ़ के दौरान पाइपलाइन के साथ-साथ पक्की सड़क भी सुरक्षित रहे।

**आयोजन** | नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया

# बैंक, स्कूल और धार्मिक स्थलों तक पहुंचा नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान




**सिवनी नवभारत।** जिले में नशा मुक्त मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत सोमवार को पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बैंक, छात्रावास, स्कूल, धार्मिक स्थलों, बाजारों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया।

जिला सहकारी बैंक धारना कलां में जिला पुलिस, थाना बरघाट एवं कलम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्राहकों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही नशामुक्त जीवन अपनाने और हेल्पलाइन 1933 का उपयोग करने की अपील की गई। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बंडोल में भी थाना बंडोल द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम दिघोरी मंदिर में दर्शनार्थियों तथा बरघाट के बाजार चौक में आम नागरिकों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।

चौकी भीमगढ़ अंतर्गत रानी दुर्गावती शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम में छात्राओं एवं शिक्षकों को पोस्टर वितरित कर नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। कन्या छात्रावास धूमा, लोटस स्कूल, शिशु संस्कार स्कूल धूमा, राजा शंकर शाह छात्रावास चूना भट्टी तथा माता शबरी आवासीय कन्या परिसर छपारा में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प दिलाया गया।

सरस्वती शिशु मंदिर में कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे, एएसआई देवेंद्र जायसवाल एवं प्राचार्य जितेंद्र कुमार सोनी की उपस्थिति में विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

सुकतरा चौकी बादलपार में महिला थाना प्रभारी संदीपिका ठाकुर के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। वहीं थाना घंसौर एवं थाना धनोरा क्षेत्रों में भी जागरूकता कार्यक्रम एवं विशेष कार्रवाई की गई।

### श्रमिकों, किसानों एवं ग्रामीणों तक पहुंचा अभियान

थाना लखनवाड़ा क्षेत्र के ग्राम गोपालगंज स्थित राइस मिल में श्रमिकों तथा ग्राम लखनवाड़ा की शासकीय उचित मूल्य दुकान पर उपस्थित किसानों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत किंदरई में महिला, पुरुष एवं बच्चों को अभियान की जानकारी देकर जागरूक किया गया, जबकि धारना कलां (बरघाट) में ग्रामीणों को नशे से होने वाले सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी नुकसान बताए गए। थाना लखनादौन क्षेत्र में एसडीओपी की उपस्थिति में उप जेल लखनादौन एवं मड़ई टोल प्लाजा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

# विधायक ने कार्यशाला में की सहभागिता , अमित का किया सम्मान



**सिवनी नवभारत।** विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आयोजित समरस्ता संकल्प अभियान कार्यशाला मे सहभागिता किया। आज जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय बारापत्थर सिवनी में जिला भाजपा द्वारा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में समरस्ता संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में विधायक दनेश राय मुनमुन ने जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन एवं पदाधिकारियों के साथ सहभागिता किया।

कार्यक्रम मे सर्वप्रथम विधायक ने श्री गुरु रविदास महाराज जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर नमन किया। तदोपरांत मंचीय कार्यक्रम मे कार्यकर्ताओं ने आपश्री का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने उपस्थितों को संबोधित करते हुए कहा कि आज समरस्ता संकल्प अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला में हम सभी एकत्रित हुए हैं। परम पूज्य गुरु रविदास जी का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और बंधुत्व का अमर संदेश है। उन्होंने समाज से जाति के भेदभाव को मिटाकर एक ऐसे समाज की कल्पना की थी जहां हर नागरिक को समानता और सम्मान के साथ जीने का अधिकार हो।

विधायक ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी गुरु रविदास जी के मूल्यों को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। आज इस कार्यशाला के माध्यम से हम सभी यह संकल्प लें कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास, सम्मान और समरसता की धारा पहुंचाएंगे।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेताओं, जिला पदाधिकारियों, सभी मोर्चा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके अलावा विधायक ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम अंधियारी पहुंचकर राधेश्याम सिहोतिया के सुपुत्र अमित सिहोतिया को वर्ष 2026 की नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य कामना किया।